बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक– वि॰प्रा॰(II)य[1]– 33/2007– / पटना, दिनांक

सेवा में,

महालेखाकार (ले॰ एवं ह॰), बिहार
वीरचंद पटेल मार्ग, पटना।

विषयः– विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, गुलजारबाग (पटना–7) तथा राजकीय महिला पोलिटेकनिक, फुलवारीशरीफ, पटना में संचालित नया डिप्लोमा पाठ्यक्रम की योजनान्तर्गत सृजित पदों के विरूद्ध रिक्त पदों पर सेवारत संविदा आधारित एवं संस्थान द्वारा चयनित अतिथि शिक्षकों/कर्मियों को निर्धारित दर पर मानदेय भुगतानार्थ कुल रू॰ 26,00,000=00 (छब्बीस लाख रूपये) मात्र की स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2016–17 में संबंधित संस्थानों को विमुक्त करने के संबंध में।

आदेश– स्वीकृत।

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में कहना है कि विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या– 1601, दिनांक 16.06.2016 के द्वारा विभागान्तर्गत राजकीय पोलिटेकनिक, बरौनी, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, गुलजारबाग (पटना–7) तथा राजकीय महिला पोलिटेकनिक, फुलवारीशरीफ, पटना में संचालित नया डिप्लोमा पाठ्यक्रम की योजनान्तर्गत सृजित 40 राजपत्रित एवं 16 अराजपत्रित पदों का वित्तीय वर्ष 2016–17 में अवधि विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई है।

2. राज्य सरकार ने उक्त सृजित पदों के विरूद्ध रिक्त पदों पर सेवारत संविदा आधारित एवं संस्थान द्वारा चयनित अतिथि शिक्षकों/कर्मियों को निर्धारित दर पर मानदेय भुगतानार्थ कुल रू॰ 26,00,000=00 (छब्बीस लाख रूपये) मात्र की स्वीकृति तथा वित्तीय वर्ष 2016–17 में संबंधित संस्थानों को विमुक्त करने की स्वीकृति निम्नवत प्रदान की है–

क्रसं॰	संस्थान का नाम	राशि (रूपये में)
1	राजकीय पोलिटेकनिक बरौनी	5,00,000.00
2	राजकीय पोलिटेकनिक, भागलपुर	5,00,000.00
3	राजकीय पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर	8,00,000.00
4	राजकीय पोलिटेकनिक, पूर्णिया	5,00,000.00
5	राजकीय पोलिटेकनिक, गुलजारबाग पटना–7	2,00,000.00
6	राजकीय महिला पोलिटेकनिक, फुलवारीशरीफ पटना	1,00,000.00
	कुल	**26,00,000.00**

3. उक्त स्वीकृत राशि वित्तीय वर्ष 2016–17 के आयोजना व्यय आय–व्ययक के "मुख्यशीर्ष–2203–तकनीकी शिक्षा, लघु शीर्ष– 105–बहुशिल्प (पोलिटेकनिक) विद्यालय, मांग संख्या–43, उपशीर्ष– 0106– प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम" के अधीन 28 01 व्यावसायिक एवं विशेष सेवाएं विषयशीर्ष में द्वितीय अनुपूरक के माध्यम से उपबंधित राशि से विकलनीय होगा, जिसका विपत्र कोड– P 2203001050106 है।

4. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित संस्थानों के प्राचार्य होंगे।

5. इस राशि की निकासी राजकीय कोषागार, बेगुसराय (बरौनी), भागलपुर, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन, पटना एवं कोषागार, गुलजारबाग, पटना–7 से की जायेगी।

6. उक्त स्वीकृत राशि से शिक्षकों एवं तकनीकी/प्रशासनिक सहायक कर्मियों के सृजित पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर विभाग द्वारा चयनित एवं कार्यरत शिक्षकों एवं तकनीकी/प्रशासनिक

सहायक कर्मियों को वित्तीय वर्ष 2016–17 में अनुबंधित अवधि तक उनके द्वारा सम्पादित कार्यो के लिए निर्धारित दर से मानदेय का भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

7. उक्त स्वीकृत राशि से संस्थानों में सृजित पदों के विरूद्ध रिक्त पदों पर विभागीय पत्रांक–586, दिनांक 24.3.2009 एवं पत्रांक–149, दिनांक 17.01.2012 में निहित दिशा–निर्देश के आलोक में संबंधित संस्थानों द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित योग्यता एवं अर्हता धारित चयनित अतिथि सहायक प्राध्यापकों तथा योग्य अर्हता धारित चयनित अतिथि अनुदेशकों/ प्रयोगशाला सहायकों को अभियंत्रण पाठ्यक्रमों में प्रति सत्र विषयवार निर्धारित व्याख्यान की सीमा के अन्तर्गत उनके द्वारा सम्पादित व्याख्यानों/ प्रायोगिक/सात्रिक के लिए निर्धारित दर से मानदेय का भुगतान नियमानुसार किया जा सकेगा।

8. उक्त स्वीकृत राशि की निकासी, वित्तीय वर्ष 2016–17 में विभाग के लिए संसूचित योजना उद्व्यय एवं बजट उपबंध के अधीन निर्गत आवंटन तक सीमित रहेगा।

9. यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या– 96 वि(2), दिनांक 03.01.2008 के आलोक में सक्षम प्राधिकार से अनुमोदनोपरांत आन्तरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जाता है।

10. वित्त विभाग के पत्रांक– 7355 वि(2), दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इस योजना के लिए प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/ –
(मिर्जा आरिफ रजा)
सरकार के उप सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना

ज्ञापांक– वि०प्रा०(II)य[1]– 33/2007– / पटना, दिनांक

प्रतिलिपि–योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक– वि०प्रा०(II)य[1]– 33/2007 / पटना, दिनांक

प्रतिलिपि– कोषागार पदाधिकारी, कोषागार, बेगुसराय, मुजफ्फरपुर, पूर्णिया, भागलपुर, गुलजारबाग पटना–7 तथा सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक– वि०प्रा०(II)य[1]– 33/2007– / पटना, दिनांक

प्रतिलिपि– प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक, बरौनी/राजकीय पोलिटेकनिक, भागलपुर/राजकीय पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर/राजकीय पोलिटेकनिक, पूर्णिया/राजकीय पोलिटेकनिक, पटना–7 एवं राजकीय महिला पोलिटेकनिक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/ –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक– वि०प्रा०(II)य[1]– 33/2007– 468 / पटना, दिनांक 23-2-2017

प्रतिलिपि– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/उप निदेशक (यो)/बजट सहायक/आई०टी० मैनेजर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

23.02.16

सरकार के उप सचिव

22/2/17